# झुंझुनूं : कार ने बाइक को टक्कर मारी, ममेरे भाई-बहन की मौत, बच्ची घायल

## झुंझुनूं में इलाज के बाद तीनों बाइक से गांव लौट रहे थे, तभी बीड़ क्षेत्र में हादसा हो गया

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर दो जिंदगियां लील गया। सदर थाना क्षेत्र के बीड़ चेकपोस्ट के पास सोमवार शाम हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक और उसकी ममेरी बहन की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चार साल की मासूम बच्ची जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है।

**■ हादसा इतना भयानक था कि टक्कर लगते ही तीनों हवा में उछल गए और पीछे आ रही एक कार के शीशे पर जा गिरे, इससे कार का शीशा भी चकनाचूर हो गया।**

जानकारी के अनुसार हरिपुरा निवासी 23 वर्षीय पवन काजला अपनी ममेरी बहन पूजा (30) और उसकी चार वर्षीय बेटी गर्वी के साथ झुंझुनूं इलाज के लिए आया था। इलाज के बाद जब तीनों बाइक से गांव लौट रहे थे, तभी बीड़ क्षेत्र में सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण कि हवा में उछलकर कार के शीशे पर जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा इतना भयानक था कि टक्कर लगते ही तीनों हवा में उछल गए और पीछे आ रही एक कार के शीशे पर जा गिरे। इससे कार का शीशा चकनाचूर हो गया। बाइक पूरी तरह क्षितग्रस्त हो गई और तीनों सड़क पर दूर जा गिरे। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने घायलों को तुरंत निजी वाहनों से बीडीके अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने पवन को मृत घोषित कर दिया। पूजा को जयपुर रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मासूम गर्वी का जयपुर के पास एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

हादसे के दौरान वहां से गुजर रहे स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस का इंतजार किए बिना बच्ची को अस्पताल पहुंचाया। रास्ते में उसकी हालत बिगड़ने पर एक व्यक्ति ने लगातार सीपीआर देकर उसकी सांसें चलती रखीं, जिससे समय पर इलाज मिल सका।

**परिवार पर टूटा दुखों का पहाड़ :-** पूजा बचपन से अपने बुआ-फूफा के पास पली-बढ़ी थी। उसकी शादी सेही कलां में हुई थी और वह पिछले कई दिनों से सांस की बीमारी से जूझ रही थी। वहीं पवन गुजरात में मजदूरी करता था और कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। 23 अप्रैल को परिवार में खुशियों का कार्यक्रम तय था, लेकिन उससे पहले ही यह हादसा पूरे परिवार को गहरे सदमे में छोड़ गया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

# हनुमानगढ़ में कार की टक्कर से दो युवकों की मौत

**हनुमानगढ़, (निसं)।** गोलूवाला थाना क्षेत्र में देर रात हुए एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। परिजनों ने कार ड्राइवर पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है।

**■ परिजनों ने कार ड्राइवर पर लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया**

जानकारी के अनुसार देर रात करीब 9:30 बजे फतेवाली ढाणी निवासी राजीव सिंह (40) और पृथ्वीराज (35) अपनी बाइक पर गांव लौट रहे थे। गोलूवाला क्षेत्र में भगत सिंह कॉलेज के सामने केंचिया की ओर से आ रही एक कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें तुरंत 108 एम्बुलेंस की मदद से राजकीय अस्पताल गोलूवाला पहुंचाया। अस्पताल में डॉक्टरों ने जांच के बाद राजीव सिंह को मृत घोषित कर दिया। पृथ्वीराज की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर किया गया, लेकिन बीकानेर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी भी मौत हो गई।

मृतकों के परिजनों ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि कार चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था, जिसके कारण यह हादसा हुआ। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपी वाहन चालक की तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक गोलूवाला मंडी में एसी रिपेयरिंग का काम करते थे। वे देर रात काम खत्म कर अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत, एक घायल

**बीकानेर, (निसं)।** शहर में एलआईसी ऑफिस के पास हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत के कारण हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा सड़क पर गंभीर हालत में तड़पता रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक पर दो युवक सवार थे। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई, लेकिन घायल की मदद के लिए कोई आगे नहीं आया।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान दिव्यांश (निवासी 7 एमडी घड़साना) के रूप में हुई है। वहीं घायल युवक सुधीर बिश्नोई निवासी रोझा, लूणकरणसर है, जिसका पीबीएम अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे के बाद जहां लोग तमाशबीन बने रहे, वहीं पीछे से गुजर रहे

**■ राहगीर इमरान ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, 4.50 लाख रु. लौटाये**

नई रोशनी जन कल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष इमरान अली ने मानवता दिखाते हुए तुरंत वाहन रोका और घायल युवक को बिना देर किए पीबीएम अस्पताल पहुंचाया। समय पर अस्पताल पहुंचने से घायल की जान बच सकी। इमरान अली ने सिर्फ घायल की मदद ही नहीं की, बल्कि ईमानदारी की भी मिसाल पेश की। घायलों के पास मौजूद बैग को वे अपने साथ सुरक्षित अस्पताल लेकर पहुंचे। परिजनों से संपर्क होने पर पता चला कि बैग में करीब साढ़े चार लाख रुपए नकद थे। इमरान अली ने पूरी जिम्मेदारी के साथ बैग सहित पूरी नकदी परिजनों को सौंप दी।

# जालम सिंह हत्याकांड के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**जोधपुर, (कासं)।** सांचौर के बहुचर्चित जालम सिंह हत्याकांड के आरोपी चनणाराम विश्नोई की राजस्थान हाईकोर्ट ने लगातार दूसरी बार जमानत याचिका खारिज कर दी है।

जानकारी के अनुसार 18 अगस्त 2024 को पुलिस थाना सांचौर में परिवादी अनोप सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि उसका छोटा बेटा जालम सिंह हुबली में भागीरथ विश्नोई की लॉज पर नौकरी करता था। भागीरथ कुछ समय से उसको वेतन नहीं दे रहा था। जालम सिंह ने भागीरथ से तनख्वाह के बकाया रुपए मांगे तो भागीरथ विश्नोई ने उसे नौकरी से निकाल दिया। उसके कुछ बाद भागीरथ घर पर आया जालम सिंह पर मुखबिरी का आरोप लगाकर पंद्रह लाख रुपए की मांग की। बाद में जालम सिंह का अपहरण कर हत्या कर दी। मुकदमे में भागीरथ विश्नोई, चनणाराम विश्नोई व अन्य सह आरोपियों के विरुद्ध हत्या के प्रकरण में चार्जशीट पेश की गई, जिसका वर्तमान में मुकदमा अपर सेशन न्यायाधीश सांचौर में चल रहा है।

राजस्थान हाईकोर्ट में इस केस के मुल्जिम चनणाराम विश्नोई की ओर से उनके वकील ने जमानत प्रार्थना-पत्र पेश किया गया था। परिवादी अनोप सिंह की ओर से एडवोकेट निखिल भण्डारी ने हाईकोर्ट में बताया कि मुल्जिम चनणाराम विश्नोई ने अन्य सह आरोपियों के साथ मिलकर जालम सिंह के साथ बुरी तरह मारपीट करके उसे 40 चोटें पहुंचाकर नृशंस हत्या की है, जिसके सारे सबूत चार्जशीट में मौजूद हैं। मुल्जिम का नाम प्रथम सूचना रिपोर्ट में दर्ज है और वह पूर्वनियोजित षड्यंत्र में पूर्ण रूप से शामिल है, जिसका नतीजा जालम सिंह की हत्या के रूप में हुआ। चार गवाहों ने मुल्जिम चनणाराम विश्नोई के खिलाफ बयान दिए थे। एडवोकेट निखिल भण्डारी ने हाईकोर्ट को यह भी बताया कि अभी इस मुकदमे में 22 और गवाहों के बयान होने हैं, जिनमें डॉक्टर और पुलिस अधिकारियों के बयान भी होने बाकी हैं। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद राजस्थान हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस कुलदीप माथुर ने मुल्जिम चनणाराम विश्नोई का लगातार दूसरा जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

# बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**जोधपुर, (कासं)।** शहर के एम्स अस्पताल गेट संख्या 8 के सामने एक बाइक और स्कूटी में भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार की अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किया। चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि सांचोर जिले के करड़ा स्थित आकोली, चितलवाना हाल 8ई 21 निवासी श्रवण कुमार पुत्र मालाराम विश्रोई की तरफ से मामला दर्ज कराया गया। इसमें बताया कि उसका भतीजा मनोज अपनी स्कूटी लेकर एम्स अस्पताल गेट संख्या 8 के सामने से निकल रहा था। तब एक बाइक सवार से उसकी भिड़ंत हो गई। हादसे में उसका भतीजा मनोज घायल हो गया। जिसकी बाद में अस्पताल में उपचार के बीच मौत हो गई। मामले में चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने कार्रवाई की। शव परिजन को सौंप दिया।

# एक साल से फरार चल रहे तीन स्थाई वारंटी गिरफ्तार

## नापासर पुलिस ने अलग-अलग दबिश देकर गिरफ्तार किया

**नापासर, (निसं)।** रेंज आईजी ओमप्रकाश के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नापासर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे तीन स्थाई वारंटियों को गिरफ्तार किया। कार्यवाहक थानाधिकारी जगदीश कुमार के नेतृत्व में गठित टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी। इस दौरान तीन वांछित आरोपियों को पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में शिवलाल पुत्र मांगीलाल निवासी हिंमतासर, करणीदान उर्फ कालू सोनी पुत्र पूनमचंद निवासी नेहरू चौक नापासर और लालचंद पुत्र बाबूलाल निवासी हरिरामपुरा नापासर शामिल हैं। ये सभी

**■ नापासर पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया**

लंबे समय से विभिन्न मामलों में वांछित थे। इनके खिलाफ न्यायालय द्वारा स्थाई वारंट जारी किए गए थे। हालांकि, ये आरोपी लगातार गिरफ्तारी से बचते हुए फरार चल रहे थे। पुलिस टीम ने सटीक सूचना और रणनीति के आधार पर मंगलवार को कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। बाद में उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। नापासर पुलिस का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिसका उद्देश्य फरार अपराधियों पर शिकंजा कसना है।

# अनूपगढ़ में दिनदहाड़े सात लाख के गहने व नगदी चोरी

## मकान मालिक ने पड़ोसी दो युवकों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया

**अनूपगढ़, (निसं)।** गांव 15ए में दिनदाहड़े एक घर से करीब 7 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने और 18 हजार रुपए नगद चोरी हो गए। यह घटना दोपहर करीब 12 बजे हुई। मकान मालिक रणजीत सिंह ने अपने पड़ोस में रहने वाले दो युवकों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज कराया है।

रणजीत सिंह (47) ने बताया कि मंगलवार को वह अपनी पत्नी के साथ रेडबग्गी गांव में एक शादी समारोह में गए थे। घर पर उनका बेटा अकेला था। उनका बेटा घर बंद कर बाल कटवाने चला गया था। करीब डेढ़ बजे जब उनका बेटा घर लौटा, तो उसने मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया। बेटे ने तुरंत अपने माता-पिता को सूचना दी, जिसके बाद रणजीत सिंह और उनकी पत्नी घर पहुंचे। घर के अंदर सामान बिखरा हुआ था। रणजीत सिंह ने बताया कि अलमारी में रखे 3 तोले सोने के गहने, 800 ग्राम चांदी के गहने और 18 हजार रुपए नकद गायब थे। उन्होंने पुलिस को दी गई लिखित रिपोर्ट में बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाले ओमप्रकाश उर्फ बूटिया और सोनू उर्फ ढडिया पुत्र कुम्भाराम नशे के आदी हैं और घरों में चोरियां करते हैं। रणजीत सिंह ने आरोप लगाया कि इन दोनों भाइयों ने पहले भी उनके घर में चोरी की है और इस बार भी उन्होंने ही यह वारदात की है।

एएसआई सलीम पठान ने बताया कि रणजीत सिंह की रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस रणजीत सिंह द्वारा नामजद किए गए दोनों युवकों से पूछताछ कर रही है।

# नहरबंदी से श्रीगंगानगर के गांवों में पानी की किल्लत बढ़ी

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** श्रीगंगानगर जिले में तेज गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। गर्म हवाओं के साथ धूलभरी आंधियां चलने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दिन का तापमान लगातार बढ़ रहा है और सोमवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच गया था। वहीं, नहरबंदी के कारण जिले के ग्रामीण इलाकों में पानी की किल्लत बढ़ गई है। वाटर वर्क्स की डिग्गियों में पानी का स्टोरेज पूरी तरह खत्म हो चुका है। जलदाय विभाग की कई डिग्गियां सूख गई हैं, जिससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

मौसम विभाग ने 22 और 23 अप्रैल को जिले में हीटवेव का येलो अलर्ट जारी कर दिया है। इन दो दिनों में धूलभरी आंधियों के साथ तेज गर्म हवाएं चलने की संभावना है, जिससे

**■ वाटर वर्क्स की डिग्गियों में पानी का स्टोरेज पूरी तरह खत्म हो चुका है, जलदाय विभाग की कई डिग्गियां सूख गई हैं**

गर्मी और भी बढ़ेगी।

मौसम राडार स्टेशन, श्रीगंगानगर पर मंगलवार सुबह न्यूनतम तापमान 23.5 डिग्री दर्ज किया गया। सोमवार को न्यूनतम तापमान 22.2 डिग्री और अधिकतम तापमान40.4 डिग्री रहा, जबकि रविवार को न्यूनतम 23.1 डिग्री और अधिकतम 39.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ।



मंडफिया : भगवान श्री सांवलियाजी सेठ मंडफिया के दरबार में 16 अप्रैल चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंगलवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष की उपस्थिति में चौथे चरण में हुई। चौथे चरण से भंडार से 3 करोड़ 78 लाख 77 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व तीन चरणों में हुई भंडार गिनती से 27 करोड़ 22 लाख 86 हजार रुपए की नगद प्राप्त हुए थे। चारों चरणों को मिलाकर 31 करोड़ 1 लाख 63 हजार नगद प्राप्त हुए। पांचवें चरण की गिनती बुधवार को होगी। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह, संपदा प्रभारी भैरूगिरी गोस्वामी सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।

# मासूम से दरिंदगी के दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**झुंझुनूं, (निसं)।** जिले में मासूम बच्ची के साथ हुई जघन्य वारदात के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने कड़ा रुख अपनाते हुए दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर कुल 1.90 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना राशि जमा नहीं कराने की स्थिति में अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

विशिष्ट लोक अभियोजक सुरेंद्र सिंह भाम्बू ने बताया कि अभियोजन पक्ष ने मामले को मजबूती से प्रस्तुत करते हुए कोर्ट में 27 गवाहों के बयान और 104 दस्तावेजी साक्ष्य पेश किए, जिनके आधार पर अदालत ने दोष सिद्ध माना।

घटना 5 मई 2025 की है। पीड़िता की मां की ओर से दर्ज रिपोर्ट के अनुसार, परिवार जयपुर से एक धार्मिक कार्यक्रम से लौटकर रात करीब 11:30 बजे नवलगढ़ पहुंचा था। इसी दौरान आरोपी ने उन्हें घर छोड़ने का भरोसा दिलाया और अपनी बाइक पर बैठा लिया। रास्ते में पेट्रोल खत्म होने का बहाना बनाकर आरोपी ने परिजनों को उतार दिया और मासूम बच्ची को जबरन अपने साथ ले गया। बाद में बच्ची को गंभीर हालत में छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया और मामला न्यायालय में प्रस्तुत किया।

विशेष न्यायालय के इस फैसले को समाज में बच्चों के खिलाफ अपराधों पर कड़ा संदेश माना जा रहा है। अदालत ने स्पष्ट किया कि मासूमों के खिलाफ अपराध किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। यह फैसला न केवल पीड़िता को न्याय दिलाने की दिशा में अहम कदम है, बल्कि ऐसे अपराधों पर रोक लगाने के लिए भी एक मजबूत चेतावनी के रूप में देखा जा रहा है।

# एलपीजी के अवैध संग्रहण पर कार्रवाई

**अलवर, (निसं)।** जिला कलैक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन प्रवर्तन जांच दल द्वारा एलपीजी गैस के अवैध संग्रहण, परिवहन एवं व्यापार को रोकने के उद्देश्य से आज अलवर शहर के जसवंत नगर में कार्रवाई कर सात गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

जिला रसद अधिकारी विनोद जुनेजा ने बताया कि जांच दल द्वारा शहर के जसवंत नगर में दामोदर पुत्र प्रभाती राम की मौजूदगी में बाडे की जांच की गई, जिसमें 19 किग्रा क्षमता के 6 गैस सिलेंडर एवं 5 किग्रा क्षमता का 1 सिलेंडर भण्डारित पाया गया। जो घरेलू गैस के अवैध व्यापार किए का स्पष्ट प्रमाण होने पर गैस सिलेंडरों को जब्त कर सुरक्षार्थ मैसर्स अलवर इंडेन गैस एजेन्सी को सुपुर्द किया गया। उन्होंने बताया कि गैस के अवैध उपयोग को रोकने हेतु आगामी दिवसों में भी कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर्स की पर्याप्त उपलब्धता है।

# शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट की, पांच गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** दोवड़ा थाना पुलिस ने राहगीरों से अवैध वसूली और मारपीट करने के आरोप में पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इन आरोपियों ने शराब के नशे में एक पिकअप ड्राइवर को रोककर मारपीट की थी और उसकी गाडी के कांच भी फोड़ दिए थे। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

दोवड़ा थाने के सीआई ने बताया कि पातली निवासी प्रवीण डेंडोर ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। प्रवीण ने बताया कि 19 अप्रैल को वह अपने पिकअप ड्राइवर के साथ डूंगरपुर की ओर जा रहे थे। दोवड़ा पंचायत समिति के पास एक इनोवा कार ने उनकी

**■ आरोपियों ने शराब के नशे में एक पिकअप ड्राइवर को रोककर मारपीट की थी**

पिकअप को ओवरटेक कर रास्ता रोक दिया। कार से उतरे बदमाशों ने शराब पीने के लिए रुपयों की मांग की। जब प्रवीण ने रुपए देने से इनकार किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए पिकअप पर पथराव शुरू कर दिया। बदमाशों ने प्रवीण और ड्राइवर पर लट्ठ से हमला कर उन्हें घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी। बीच-बचाव करने आए स्थानीय निवासियों के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता और मारपीट की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया। थानाधिकारी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दबिश दी और पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में दामडी फला नाल निवासी कृष्णकान्त परमार मीणा, सिदडी खेरवाड़ा निवासी जयन्ति परमार, महिपाल अहारी, जितेन्द्र अहारी और हथाई फला निवासी कान्तिलाल ननोमा मीणा शामिल हैं। पुलिस उनसे आगे की पूछताछ कर रही है।

# अलवर : वन विभाग ने बाला किले की 400 साल पुरानी दीवार तोड़ी

## हजारों पेड़ काटकर वन विभाग ने सफारी के लिए नया रास्ता बनाया

**अलवर, (निसं)।** शहर के पास सरिस्का बफर ज़ोन में वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो गया है। जंगल सफारी के नाम पर तैयार किए गए नए रास्ते ने न सिर्फ पर्यावरण बल्कि ऐतिहासिक धरोहर को भी नुकसान पहुंचाया है। यह रास्ता आड़ा पाड़ा से अंधेरी होते हुए सूरजकुंड से सीधे बाला किला क्षेत्र तक बनाया गया है। सबसे गंभीर बात यह है कि इस रास्ते के निर्माण के दौरान हजारों हरे-भरे पेड़ों को काट दिया गया। वहीं करीब 400 साल पुराने बाला किला की मजबूत परकोटा (सुरक्षा दीवार) को भी तोड़ दिया गया जो अलवर की ऐतिहासिक पहचान का अहम हिस्सा है। स्थानीय लोगों में इसको लेकर भारी नाराजगी है। सुबह घूमने आने वाले लोगों ने वन विभाग के इस फैसले को गलत बताया। उनका कहना है कि जब पहले से जंगल सफारी के लिए रास्ता मौजूद था तो नया रास्ता



अलवर के बाला किले की तोड़ी गई दीवार का हिस्सा।

बनाने के लिए पेड़ों की कटाई और किले की दीवार तोड़ने की क्या जरूरत थी।

इस पूरे मामले को लेकर डॉ. कांतिप्रसाद शर्मा ने कड़ा विरोध जताते हुए साफ कहा है कि यह सीधा-सीधा पर्यावरण और धरोहर के साथ

**■ जंगल सफारी के नाम पर तैयार किए गए नए रास्ते ने न सिर्फ पर्यावरण बल्कि ऐतिहासिक धरोहर को भी नुकसान पहुंचाया है**

खिलवाड़ है। उन्होंने चेतावनी दी है कि वे हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर करेंगे। उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि क्या वन विभाग पर्यटन को बढ़ावा देने के नाम पर नियमों को दरकिनार कर सकता है? क्या किसी भी कीमत पर विकास के नाम पर इतिहास और प्रकृति को नुकसान पहुंचाना सही है?

इस मामले में सीसीएफ संग्राम सिंह ने कहा कि अभी मामले की जानकारी नहीं है। दिखवाकर ही कुछ कह पाएंगे।

# बीएसएफ जवान संजय सिंह को सैन्य सम्मान से अंतिम विदाई दी

## 10 वर्षीय बेटे यश ने अपने पिता को मुखाग्नि दी

**बुहाना, (निसं)।** देश सेवा करते हुए एक और वीर सपूत ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। झुंझुनूं जिले के बुहाना क्षेत्र के गांव लालामंडी निवासी बीएसएफ जवान संजय सिंह का पश्चिम बंगाल में ड्यूटी के दौरान अचानक तबीयत बिगड़ने से निधन हो गया। मंगलवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव पहुंचा, जहां पूरे सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान पूरे गांव में शोक की लहर छा गई।

**ड्यूटी पर ही बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में तोड़ा दम :-** 35 वर्षीय संजय सिंह पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में बीएसएफ की 146वीं बटालियन में तैनात थे। 19 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान उनकी अचानक तबीयत खराब हो गई। साथियों ने तुरंत उन्हें बीएसएफ अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने के चलते 20 अप्रैल तड़के करीब 12:45 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। मंगलवार को जैसे ही शहीद जवान का पार्थिव शरीर गांव लालामंडी पहुंचा, पूरा क्षेत्र गमगीन हो उठा। तिरंगे में लिपटे अपने बेटे को देख परिजन बेसुध हो गए। सेना के जवानों ने पूरे सम्मान के साथ सलामी दी और पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। इस हृदयविदारक पल में सबसे भावुक दृश्य तब सामने आया, जब संजय सिंह के 10 वर्षीय बेटे यश ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने वीर जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की।